हरिभूमि

मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 22 सितंबर 2026

देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर | मंदसौर

06 मुख्यमंत्री ने किया 97.62 करोड़ से अधिक लागत के मार्ग निर्माण कार्य...



07 जल विहार महोत्सव की तैयारियां अंतिम चरण में, जिला प्रशासन ने...



थाने में विवाद के बाद हाईवे पर उतरे ग्रामीण, एक महिला की हालत गंभीर

बेकाबू कार ने गणेशोत्सव में श्रद्धालुओं को कुचला, सात महिलाएं घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर





रविवार रात गणेशोत्सव के दौरान उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर गणेशोत्सव के पांडाल में जा घुसी। घटना पिपलियामंडी थाना क्षेत्र के सुपरा गांव में घटित हुई। कार की चपेट में आने से बालिका सहित सात महिलाएं घायल हो गईं। हादसे में एक महिला की हालत गंभीर बताई जा रही है, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद उदयपुर रेफर किया गया है, जबकि अन्य घायलों का उपचार मंदसौर जिला अस्पताल में चल रहा है। हादसे के बाद ग्रामीणों ने कार में सवार एक व्यक्ति को पकड़ लिया।

सोमवार सुबह उस समय विवाद की स्थिति बन गई, जब घायलों के परिजन व ग्रामीण आरोपी चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग लेकर पिपलियामंडी थाने पहुंचे। ग्रामीणों ने पुलिस पर उनके साथ धक्का-मुक्की और करने का आरोप लगाया। इसके बाद आक्रोशित ग्रामीण थाने के सामने हाईवे पर प्रदर्शन किया, करीब दो घंटे तक आवागमन बाधित रहा। दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। अधिकारियों की समझाइश और कार्रवाई के आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने जाम खोला।वहीं पुलिस का कहना है कि जब ग्रामीण थाने पहुंचे, उस समय दुर्घटना के आरोपी कार चालक को मेडिकल परीक्षण के लिए ले जाया जा रहा था। पुलिस के अनुसार ग्रामीण आरोपी के साथ खिंचतान करने लगे, जिसके बाद वहां विवाद की स्थिति बनी। पुलिसकर्मियों ने ग्रामीणों को आरोपी से दूर हटाया। इसी दौरान धक्का-मुक्की और विवाद की स्थिति बनने की बात सामने आई। पुलिस से विवाद के बाद ग्रामीण नारेबाजी करते हुए थाने के सामने हाईवे पर धरने पर बैठ गए। सुबह करीब 11.30 बजे ग्रामीणों के हाईवे पर बैठने से यातायात पूरी तरह प्रभावित हो गया। देखते ही देखते हाईवे के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। करीब दो किलोमीटर तक वाहनों की कतार लगने से राहगीरों और वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। सूचना मिलने पर एडिशनल एसपी तेरसिंह बघेल, एसडीओपी पिंटू बघेल, पिपलियामंडी टीआई विक्रमसिंह इवने सहित पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने धरने पर बैठे ग्रामीणों से चर्चा की और उनकी मांगें सुनीं। ग्रामीणों ने अधिकारियों के समक्ष पूरे मामले में निष्पक्ष जांच और आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग रखी।

गणेशोत्सव में प्रसाद वितरण के दौरान हुआ हादसा

जानकारी के अनुसार रविवार रात करीब 11 बजे गांव सूपड़ा में कनघट्टी-सेमली मार्ग स्थित बालाजी मंदिर के यहां गणेशोत्सव कार्यक्रम चल रहा था। इस दौरान प्रसाद वितरण किया जा रहा था और बड़ी संख्या में महिलाएं कार्यक्रम में मौजूद थीं। इसी दौरान मोड़ पर तेज गति से आ रही कार अचानक अनियंत्रित हो गई और सीधे गणेशोत्सव के पांडाल में जा घुसी। कार मंदिर के बाहर लगे टेंडर से टकराकर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, कार का चेंबर फूट गया और मौके पर ऑइल फैल गया। कार की टक्कर से मौके पर मौजूद महिलाओं में चीख-पुकार मच गई। लोग घायलों को संभालने और उन्हें अस्पताल पहुंचाने के लिए दौड़े। सूचना मिलते ही पिपलियामंडी पुलिस मौके पर पहुंची और कार चालक को हिरासत में लिया। कार चालक की पहचान सुजानपुरा निवासी अर्जुनसिंह (32) पिता कमलसिंह के रूप में हुई। हादसे में सूपड़ा निवासी सन्नाबाई (36) पति ईश्वरलाल ओड़, रुकमणबाई (37) पति रमेश ओड़, लालीबाई (55) पति शंभूलाल ओड़, गीताबाई (55) पति गट्टूलाल मेघवाल, श्यामाबाई (45) पति समरथ ओड़, 13 वर्षीय दुर्गा पिता रमेश ओड़ तथा भंवरासा नीमच निवासी भगवंताबाई उर्फ शरणीबाई (38) पति भेरूलाल ओड़ घायल हुईं। सभी घायलों को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें मंदसौर जिला अस्पताल रेफर किया गया। इनमें सन्नाबाई की हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उन्हें बेहतर उपचार के लिए उदयपुर रेफर किया है। शेष घायलों का उपचार मंदसौर जिला अस्पताल में जारी है। पिपलियामंडी पुलिस ने बताया कि दुर्घटना के मामले में सुजानपुरा निवासी अर्जुनसिंह पिता कमलसिंह के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है।

जिस घर में गूंजनी थी शहनाई, वहां उठीं अर्थियां...

नलखेड़ा से भुवनेश्वर पहुंचे 7 शव, रात में ही अंतिम विदाई





हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा



नगर में हुए दर्दनाक कार हादसे ने ओडिशा के एक परिवार की खुशियों को मातम में बदल दिया। मां बगलामुखी के दर्शन के लिए मध्यप्रदेश आए परिवार के सात सदस्यों की हादसे में मौत हो गई। नलखेड़ा में तेज बहाव की चपेट में आई कार में सवार इन लोगों के शव जब भुवनेश्वर के जयदेव विहार स्थित आत्माराम बस्ती पहुंचे तो पूरा इलाका शोक में डूब गया। मध्यप्रदेश से शव लेकर पहुंची एंबुलेंस से जैसे ही शव उतारे गए, परिजनों और रिश्तेदारों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। जिन अपनों के सकुशल लौटने की उम्मीद थी, उनके शव सामने देखकर परिजन भावुक हो उठे। बस्ती में चारों ओर शोक और सिसकियों का माहौल रहा। सभी शव भुवनेश्वर पहुंचने के बाद देर रात अंतिम संस्कार की प्रक्रिया पूरी की गई। पहले मृतकों को उनके पैतृक स्थान गाडकण ले जाया गया, इसके बाद पुरी के स्वर्गद्वार में अंतिम संस्कार किया गया। एक साथ सात लोगों की अंतिम विदाई ने हर किसी को झकझोर दिया।

घर में चल रही थी सगाई की तैयारी


हादसे में राधाराणी की मौत परिवार के लिए विशेष रूप से बड़ा सदमा बन गई। आगामी 27 सितंबर को राधाराणी की सगाई होनी थी। घर में सगाई को लेकर तैयारियां चल रही थीं और परिवार में खुशी का माहौल था। लेकिन सगाई से पहले ही हादसे ने परिवार की खुशियां छीन लीं। परिजनों के अनुसार, परिवार के लोग पिता के लिए मन्नत लेकर मां बगलामुखी के दर्शन करने मध्यप्रदेश आए थे। उन्हें उम्मीद थी कि दर्शन के बाद पूरा परिवार सकुशल वापस लौटेगा, लेकिन उन्हें अपनों के शव लेकर लौटना पड़ा। राधाराणी की बड़ी मां ने बताया कि घर में बेटी की सगाई की तैयारियां चल रही थीं और सभी बेहद खुश थे। किसी ने नहीं सोचा था कि कुछ ही समय बाद खुशियों वाले घर में मातम छा जाएगा।

इनकी हुई मौत

हादसे में शिवप्रसाद बेहरा, उनके बेटे कृष्ण राजवीर, बेटी साई स्वर्णप्रभा, राधाराणी बेहरा, ज्ञानेंद्र कुमार बेहरा, उनकी पत्नी रीताराणी और बेटे साई स्वस्तिक की मौत हुई। हादसे में कार चालक की भी जान गई। सातों शवों के पहुंचने के बाद कानून मंत्री पृथ्वीराज हरिचंदन, विधायक सुशांत राउत, अनंत नारायण जेना, भाजपा नेता प्रियदर्शी मिश्रा और पुलिस कमिश्नर एस. देवदत्त सिंह ने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर संवेदना व्यक्त की। मध्यप्रदेश प्रशासन की ओर से पहुंचे अधिकारियों ने भी परिवार से संपर्क कर आवश्यक दस्तावेज एवं कानूनी प्रक्रिया से संबंधित कागजात सौंपे। दोनों राज्यों के प्रशासन के समन्वय से शवों को ओडिशा पहुंचाने की प्रक्रिया पूरी की गई। नलखेड़ा में हुए इस हादसे ने मध्यप्रदेश से लेकर ओडिशा तक लोगों को झकझोर दिया है। कुछ दिन पहले जिस परिवार में सगाई और खुशियों की तैयारियां चल रही थीं, वहां अब सात अपनों की यादें और गम के आंसू रह गए हैं।

तर्ष प्रताप सिंह परिहार ने विभाग स्तरीय वैदिक गणित एवं विज्ञान मेला 2026 में प्रथम स्थान प्राप्त किया

मंदसौर। सरस्वती विद्या प्रतिष्ठान मालवा प्रांत के द्वारा नीमच में आयोजित विभाग स्तरीय वैदिक गणित एवं विज्ञान मेला 2026 की प्रतियोगिता में मंदसौर और नीमच जिले के करीब 16 सरस्वती विद्या मंदिर के छात्रों के बीच सरस्वती विद्या मंदिर मंदसौर सीबीएसई कक्षा 6 के छात्र तर्ष प्रतापसिंह परिहार के द्वारा उक्त प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए विज्ञान मॉडल जिसमें ऊर्जा और बिजली की बचत कैसे की जाए उसका वर्किंग मॉडल तैयार कर प्रदर्शित किया गया। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल के द्वारा प्रताप सिंह परिहार को प्रथम स्थान प्रदान करते हुए प्रमाण पत्र व ट्रॉफी प्रदान की गई। तर्ष प्रताप सिंह परिहार नगर के मशहूर दंत चिकित्सक योगेंद्र प्रताप सिंह परिहार के पुत्र एवं नगर के पूर्व टी आई महेंद्र प्रताप सिंह परिहार के पौत्र है इस उपलब्धि पर स्कूल प्रबंधन एवं स्नेहियों के द्वारा तर्ष प्रताप सिंह को बधाई और शुभकामनाएं दी गई है।



गांधी सागर में में मनाया गया पोषण आहार दिवस


भानपुरा। महिला एवं बाल विकास अधिकारी भानपुरा के निर्देशानुसार आंगनबाड़ी गांधीसागर के समस्त स्टाफ द्वारा गणेशजी के पंडाल में ह्लपोषण आहार दिवसह्व कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान गणेशजी के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में सरपंच मनीष परिहार, पंकज क्षौत्रिय, बालाराम गायरी, सत्यनारायण रत्नावत, जयराम उमरे, सूरज करण बारवाल,अनिल संघवी, विवेकानंद सिंह तथा विद्युत एवं यांत्रिकी विभाग के उपयंत्री मुकेश सोलंकी उपस्थित रहे। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा सभी अतिथियों का गुलदस्ते भेंट कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर अनिता आर्य ने महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की जानकारी दी। साथ ही



आंगनबाड़ी स्टाफ द्वारा तैयार किए गए विभिन्न पोषण आहार एवं नाश्ते का अतिथियों ने अवलोकन किया और पोषण आहार के महत्व की जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम के दौरान लाड़ली लक्ष्मी योजना के अंतर्गत बालिका को चेक प्रदान किया गया, वहीं एक गर्भवती महिला को पोषण आहार का पैकेट भी वितरित किया गया।

एकता गणेश उत्सव समिति हनुमान गढ़ी द्वारा 15 फिट ऊंची गणपति मूर्ति की हो रही आराधना

हरिभूमि न्यूज ⏭ भानपुरा /मंदसौर





नगर के छतरी संस्थान रोड़ स्थित हनुमानगढ़ी मंदिर के पास एकता गणेश उत्सव समिति द्वारा अत्यंत ही आकर्षक एवं मनमोहक श्री गणपति महाराज की 15 फीट ऊंची मूर्ति स्थापित कर प्रतिदिन भव्य रूप से आरती एवं प्रसादी वितरण किया जा रहा है। समिति के अध्यक्ष योगेश गौड़ ने बताया कि विगत 16 वर्षों से एकता गणेश उत्सव समिति द्वारा हनुमानगढ़ी गेट के पास गणेश उत्सव पूरे उत्साह के साथ आयोजन में इस वर्ष प्रसिद्ध व लोकप्रिय भजन गायक हर्षिता सुमन एवं मनीष अवाना द्वारा भजन संध्या के आयोजन में उपस्थित हजारों श्रद्धालुओं के बीच भजनों की प्रस्तुति दी गई। एकता गणेश उत्सव समिति के पदाधिकारी व वरिष्ठ सदस्य अजय मांदलिया, दीपक माली सूरज प्रजापति कुणाल धाकड़ अश्विन प्रजापति विकास माली आदित्य कलवाड़िया सहित सदस्यों ने बताया कि 25 सितंबर को गणपति जी की प्रतिमा का भव्य जुलूस नगर के मुख्य मार्ग से निकाली जाएगी एवं आयोजन की पूर्णाहुति एवं मूर्ति विसर्जन के आयोजन में सैकड़ो महिला पुरुष युवाजन श्रद्धालु अपनी भागीदारी करेंगे। उल्लेखनीय है कि एकता गणेश उत्सव समिति के सदस्यों द्वारा नगर से किसी प्रकार के चंदे की रसीदें नहीं बनाई जाती है एवं सदस्य गण स्वयं अपनी श्रद्धा शक्ति से पर्याप्त आर्थिक योगदान देकर गणेश उत्सव के स्थापना कार्यक्रम को भव्य रूप से मनाते आए हैं।



शा. उत्कृष्ट उमावि में मनाया संकुल स्तरीय सेवा संकल्प अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

शासकीय उत्कृष्ट उमावि नलखेड़ा संकुल अंतर्गत सभी शासकीय एवं अशासकीय विद्यालय में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता में चयनित छात्र-छात्राओं को संकुल स्तरीय सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम जनप्रतिनिधियो की गरिमा में उपस्थिती संपन्न हुआ जिसमें चयनित छात्रों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम में जिला महामंत्री रामेश्वर तेजरा, जिला मंत्री पवन वेदिया, नलखेड़ा मंडल अध्यक्ष रोहित सकलेचा, भंवर सिंह चंद्रावत धरोला, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि विजय सोनी, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष ईश्वर सिंह यादव, मंडल महामंत्री शिवम नागर, मोहन नागर, साक्षी सकलेचा, पूजा लोढ़ा पार्षद, गोवर्धन वेदिया पार्षद, राकेश गवली पार्षद प्रतिनिधि, इशाक खा पार्षद, प्रेम बैरागी, ओम प्रकाश आर्टेड़िया, हेमंत जायसवाल आदि जनप्रतिनिधि उपस्थित थे जिन्होंने सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत अपने विचार रखे।



जल झूलनी एकादशी पर निकलेंगे चल समारोह

शामगढ़ / मंदसौर। जल झूलनी एकादशी डोल ग्यारस के अवसर पर नगर के प्रमुख मंदिरों से ट्रैक्टर ट्राली में भगवान के चल समारोह बैंड बाजे डीजे में अखाड़ा दल के साथ मंगलवार को सभी मंदिरों के चल समारोह गरोठ रोड पर एकत्रित होकरवहीसे पंक्तिबद्ध होकर चलेंगे जोकि नगर के मुख्य मार्ग शिव हनुमान मंदिर आडा बाजार मेंन रोड सब्जी मंडी श्री राम मंदिर सुवासरा रोड होते हुए श्री कृष्णा तलाई पर पहुंचेंगे एवं डोल ग्यारस महोत्सव समिति द्वारा सर्वश्रेष्ठ चल समारोह सजाने वाले मंदिरों को प्रथम पुरस्कार 11000 द्वितीय पुरस्कार 7501, तृतीय पुरस्कार 5100 निर्णायक समिति के चयन के आधार पर पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। वही सभी चल समारोह की सामूहिक आरती श्री कृष्णा तलाई पर होगी जहां महाआरती के बाद पर प्रसादी का वितरण किया जाएगा।

कैंडल मार्च निकालकर दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

शुक्रवार-शनिवार की दरम्यानी रात मां बगलामुखी मंदिर के समीप स्थित उफनते नाले में एक कार बह जाने से उसमें सवार आठ दर्शनार्थियों की मौत के सदमे से नगरवासी अभी भी नही उभर पा रहे है। इसी के चलते नागरिक कार्यक्रम आयोजित कर मृत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे है। रविवार रात्रि 9 बजे स्थानीय सरदार पटेल चौराहे से वार्ड क्रमांक 4 के वासीयो द्वारा एक केंडल मार्च में निकाला गया जो शिवाजी चौराहे पर पहुंचा जहाँ मृत आत्माओं को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उक्त घटना से नगरवासियों को कितनी ठेस पहुंची है और वे कितने गमगीन है इसका अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि केंडल मार्च व श्रद्धांजलि कार्यक्रम में पुरुषों की तुलना में महिलाओं की संख्या अधिक थी जोकि गमगीन होने के साथ ही प्रशासनिक अव्यवस्थाओं को लेकर गुस्से से भरी हुई थी।

जैन समाज ने निकाला चल समारोह, जगह-जगह हुआ स्वागत

सुगंध दशमी महोत्सव पर धूप की सुगंध से महके जिनालय

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा





दिगंबर जैन समाज के पर्यूषण पर्व के छठवें दिन सुगंध दशमी पर्व पर देवाधिदेव 1008 श्री सुपार्श्व नाथ दिगंबर जैन मंदिर में बड़े धूमधाम से सुगंध दशमी पर्व मनाया गया। नगर में चल समारोह निकाल कर समाज जनों द्वारा प्रभु के समक्ष अष्ट कर्म विनाश हेतु धूप क्षेपन की गई। जिसकी सुगंध से जिनालय एवं आसपास का वातावरण सुगंधित होकर महक उठा। जिनालयों में धार्मिक झांकियों का निर्माण भी किया गया। जिसे निहारने के लिए बड़ी संख्या में नगर के नागरिक समाजजन मंदिर जी पहुंचे। सुगंध दशमी पर्व पर प्रातकाल प्रभात फेरी चौक बाजार स्थित मंदिरजी से निकाली गई। आदिनाथ मंदिर होकर पुनः प्रभात फेरी चौक बाजार मंदिर आई। प्रभात फेरी में इंदौर से आईं बबीता दीदी का सानिध्य प्राप्त हुआ पर्व के उपलक्ष्य पर बबीता दीदी के सानिध्य में ही मूलनायक भगवान का अभिषेक हुआ सर्वाधिक बोली लगाकर प्रथम कलश करने का सौभाग्य मुकेश कुमार मनीष पांडिया काका परिवार को प्राप्त हुआ।

सुगंध दशमी ही के दिन इनके पूज्य पिताजी की पुण्यतिथि के उपलक्ष्य पर इनके द्वारा मंदिर में एक छत्र चढ़ाने की भी घोषणा की गई। इसके बाद चंद्र प्रभु भगवान की शांति धारा की गई शांति धारा में प्रथम कलश करने का सौभाग्य प्रेमचंद नरेश चेलावत परिवार को प्राप्त हुआ एवं शांति धारा करने का सौभाग्य महावीर कुमार छाबड़ा एवं मुकेश प्रखर जैन परिवार को प्राप्त हुआ। नित्य नियम पूजन एवं दसलक्षण महामंडल विधान की पूजन की गई। तत्पश्चात पूजन का चल समारोह नगर में निकाला गया। दोपहर में एक विशाल चल समारोह आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर से प्रारंभ हुआ जो प्रमुख मार्गों से होता हुआ चौक बाजार स्थित मंदिर पहुंचा वहां पर सभी समाज जनों द्वारा प्रभु के समक्ष अष्ट कर्म विनाश हेतु धूप क्षेपन की गई। जिसकी सुगंध से जिनालय एवं आसपास का वातावरण सुगंधित होकरमहक उठा।

सुपार्श्व नाथ युवा मंडल द्वारा एक सुंदर आकर्षक झांकी जीव दया एवं भक्तामर स्त्रोत रचना की थीम पर निर्माण किया गया एवं प्रभु को पालने में विराजित कर पालना दिया गया। शाम को सामयिक एवं स्वाध्याय बबीता जी द्वारा कराया गया तथा सुगंध दशमी व्रत की कथा समझाई गई। रात्रि में महावीर म्यूजिकल ग्रुप मोडी द्वारा भजन संध्या का आयोजन किया गया जिसमें शानदार भजनों की प्रस्तुति दी गई। सभी कार्यक्रमों में समाजजनों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

खबर संक्षेप

आश्रम में मनाई श्री चन्द्र भगवान की जयंती



सोनकच्छ। स्थानीय श्री पिपलेश्वर महादेव मंदिर स्थित उदासीन आश्रम में रविवार को उदासीनाचार्य श्रीचन्द्र भगवान की 532वीं जयंती श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ मनाई गई। इस अवसर पर आश्रम में दिनभर विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। आश्रम के महंत श्री लवचन्द दास के सानिध्य में भगवान श्री चन्द्र का विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया गया। शाम को महाआरती का आयोजन किया गया।

बसंत पंचमी पर होगा विवाह सम्मेलन

सोनकच्छ। धाकड़ समाज के युवा संगठन की बैठक रविवार को सोनकच्छ में आयोजित हुई। बैठक में सर्वसम्मति से आगामी बसंत पंचमी पर सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित करने का निर्णय लिया गया। सम्मेलन 11 फरवरी 2027 को सुबह 8 बजे गंधर्वपुरी फाटा स्थित इंदौर-भोपाल फोरलेन पर समाज के छात्रावास भूखंड में आयोजित होगा। इसमें समाज के विवाह योग्य युवक-युवतियों का सामूहिक विवाह कराया जाएगा।आयोजन के लिए वर एवं वधु पक्ष से 12,501 रुपए पंजीयन राशि निर्धारित की गई है। समिति के अनुसार यह राशि दीपावली तक पंजीयन कराने वालों के लिए लागू रहेगी। सम्मेलन का आयोजन क्षेत्रीय धरणीधर समिति, धाकड़ समाज सोनकच्छ द्वारा किया जाएगा।

हाटपीपल्या विधायक चौधरी के जन्मदिन पर मुख्यमंत्री ने दी सौगात

मुख्यमंत्री ने किया 97.62 करोड़ से अधिक लागत के मार्ग निर्माण कार्य का भूमिपूजन

क्षिप्रा-सुखलिया से टिकरिया तक की सड़क स्वीकृत, मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने हाटपीपल्या विधानसभा के 'राजौदा--कैलोद-डबलचौकी मार्ग निर्माण का किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास







मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी) के माध्यम से हाटपीपल्या विधानसभा क्षेत्र के 'राजौदा--कैलोद-डबलचौकी मार्ग निर्माण कार्य मय विद्युतीकरण' का भूमिपूजन किया। कुल 31.74 किलोमीटर लंबे इस मार्ग का निर्माण 9762.78 लाख रुपये (लगभग 97.63 करोड़ रुपये) की लागत से कराया जाएगा। इस मार्ग के बनने से क्षेत्र के 72 गांवों के लगभग 70 हजार नागरिकों को सीधा लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विधायक मनोज चौधरी की मांग पर क्षिप्रा-सुखलिया से टिकरिया तक की सड़क की भी स्वीकृति दी, जिससे 20 गांवों की 20 हजार जनता लाभान्वित होगी।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम की शुरुआत माँ चामुंडा, माता तुलजा भवानी एवं तेजाजी महाराज के जयकारों के साथ की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विधायक चौधरी जन्मदिन को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस 31.74 किमी लंबे मार्ग के निर्माण से क्षेत्र के 72 गांवों की 70 हजार से अधिक आबादी को सीधा लाभ पहुंचेगा और क्षेत्र में आवागमन सुगम व सुरक्षित होगा। राज्य सरकार हर वर्ग के कल्याण के प्रति संकल्पित होकर कार्य कर रही है। आगामी 25 तारीख से क्षेत्र के नागरिकों की सुविधा के लिए नवीन बसों का संचालन भी प्रारंभ किया जा रहा है।कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक मनोज चौधरी ने उप मुख्यमंत्री एवं जिला प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़ा का 'राम दरबार' भेंट कर आत्मीय स्वागत व अभिनंदन किया। समारोह को संबोधित करते हुए प्रदेश के उप मुख्यमंत्री एवं देवास के प्रभारी मंत्री श्री जगदीश देवड़ा ने कहा कि विकास के कार्य और जनता की सेवा करना ही राजधर्म है, और हमारी सरकार इसी राजधर्म का निष्ठापूर्वक पालन कर रही है।कार्यक्रम में हाटपीपल्या विधायक मनोज चौधरी ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री जी जब पहली बार हाटपीपल्या आए थे, तब क्षेत्र को माँ नर्मदा का जल मिला था और आज 97.62 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाले इस मुख्य मार्ग की सौगात मिली है। इसके साथ ही उन्होंने क्षिप्रा-सुखलिया से टिकरिया तक स्वीकृत सड़क निर्माण के लिए भी शासन का धन्यवाद ज्ञापित किया, जिससे 20 गांवों की 20 हजार जनता लाभान्वित होगी।कार्यक्रम में खातेगाँव विधायक आशीष शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष लीला भेरूलाल अटारिया, रायसिंह सेंधव, नारायण सिंह चौधरी, कलेक्टर ऋतु राज सिंह, एसपी पुनीत गेहलोद सहित अन्य जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

बायपास पर बाइक सवारों ने ठेकेदार पर किया चाकू से हमला

24 लाख रुपए के लेनदेन का विवाद



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

हवनखेड़ी क्षेत्र में बायपास स्थित एक ढाबे के पास सोमवार दोपहर बाइक सवार बदमाशों ने एक ठेकेदार पर चाकू से हमला कर दिया। हमले में ठेकेदार के पेट में कई वार किए गए, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद आरोपी बाइक से फरार हो गए। राहगीरों ने घायल को सड़क किनारे खून से लथपथ हालत में देखा और अस्पताल पहुंचाया। घायल ठेकेदार की पहचान फिरोज पटेल के रूप में हुई है। फिरोज के मुताबिक, वे सोमवार को सांवेर कोर्ट जा रहे थे और हवनखेड़ी बायपास पर एक ढाबे के पास बाइक रोककर अपने भाई का इंतजार कर रहे थे। इसी दौरान कुछ लोग उनके पास पहुंचे और अचानक चाकू से हमला कर दिया। पेट में कई वार करने के बाद आरोपी बाइक से फरार हो गए। फिरोज ने हमले के पीछे करीब 24 लाख रुपए के लेनदेन का विवाद बताया है। उनका आरोप है कि उनके साथ काम करने वाले तीन लेबर से रकम का लेनदेन चल रहा था। प्लॉट खरीदने सहित अन्य लेनदेन को लेकर विवाद के चलते उन्हें पहले धमकियां भी मिल चुकी थीं।घटना के बाद का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें घायल ठेकेदार सड़क किनारे नजर आ रहे हैं। वीडियो में दो युवक बाइक से भागते हुए दिखाई दे रहे हैं।सिविल लाइन थाना प्रभारी विजय सिंह लोधी के अनुसार मामले में इरफान, सद्दाम और गुलफाम के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है। आरोपियों की पहचान कर ली गई है और उनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम द्वारा छापेमारी की जा रही है।

नदी पार करने की कोशिश में युवक की डूबने से मौत

देवास। शिप्रा नदी पार करने की कोशिश में रविवार शाम 24 वर्षीय युवक की डूबने से मौत हो गई। मांगलिया निवासी शिवम सेंगर अपने तीन दोस्तों के साथ शिप्रा पावर हाउस के पास नदी में नहाने गया था। दोस्तों ने उसे नदी पार करने से रोका, लेकिन वह नहीं माना और नदी की बीच धारा में पहुंचने के बाद डूबने लगा। दोस्त और नाविक उसे बचाने के लिए नदी में पहुंचे। शिवम को बाहर निकालकर सीपीआर दिया गया और देवास जिला अस्पताल ले जाया गया। यहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। शिवम रविवार शाम दोस्तों सचिन परमार, जयसिंह और एक अन्य के साथ नदी में नहाने गया था। कुछ देर नहाने के बाद उसने शर्ट उतारी और अपना मोबाइल एक दोस्त को दे दिया। इसके बाद उसने नदी पार करने की बात कही। दोस्तों ने उसे नदी में इतनी दूर जाने से मना किया, लेकिन शिवम नहीं माना। वह नदी में उतर गया और कुछ दूर जाने के बाद बीच धारा में डूबने लगा। शिवम को डूबता देखकर दोस्त जयसिंह उसे बचाने के लिए नदी में पहुंचा। इसी दौरान नाविक भी मदद के लिए आगे आए। दोस्तों और नाविकों ने मिलकर शिवम को नदी से बाहर निकाला। नदी से बाहर निकालने के बाद दोस्तों ने शिवम को सीपीआर देने की कोशिश की। इसके बाद उसे तत्काल देवास जिला अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। रात में परिजनों को घटना की सूचना दी गई। सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। का माहौल है।

आदर्श गौशाला में गौ-पूजन के साथ हुआ पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन एवं जनसेवा के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित 'सेवा संकल्प अभियान-2026' के तहत सोमवार को जिला जेल देवास परिसर की आदर्श गौशाला में विशेष कार्यक्रम हुआ जेल अधीक्षक विद्या भूषण प्रसाद ने बताया कि विधायक मनोज चौधरी के जन्मदिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मप्र शासन के उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा एवं विधायक मनोज चौधरी ने आदर्श गौशाला में विधिवत गौ-पूजन कर किया। इसके बाद दोनों जनप्रतिनिधियों ने जिला जेल परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। जिला जेल परिसर की आदर्श गौशाला में आयोजित इस आयोजन के माध्यम से गौ-सेवा, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक सरोकारों के प्रति जनजागरूकता का संदेश दिया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष रायसिंह सैंधव, जेल उपअधीक्षक अनिल दुबे सहित अन्य गणमान्य नागरिक एवं जिला जेल का स्टॉफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम में जेल स्टॉफ एवं उपस्थित अतिथियों ने सहभागिता की।

वीर शिरोमणि तेजाजी महाराज का चल समारोह निकला



देवास। वीर शिरोमणि तेजाजी महाराज की जयंती के अवसर पर बागरी समाज द्वारा बागरी युवा संघ के प्रदेश अध्यक्ष बाबू यादव एवं चल समारोह अध्यक्ष शुभम यादव के नेतृत्व में भव्य एवं विशाल चल समारोह निकाला गया। समारोह में बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विक्रमसिंह पवार , भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. रायसिंह सेंधव, भाजपा जिला महामंत्री राजेश यादव, जिला पंचायत प्रतिनिधि एवं पूर्व महापौर सुभाष शर्मा सहित भेरूलाल अटारिया, प्रदेशाध्यक्ष आदिम संघ शिवनारायण गुजराती राजगढ़, दुर्गेश पवार राजगढ़, मनीष सैन, धर्मेंद्र सिंह बैस, सुरेंद्र गौड़, अनुप जादौन, अर्जुन यादव, राम यादव, हुकमसिंह पवार, कमल सिंह चौहान, अंतरसिंह यादव, संजय बोडाना, अजय पवार, जितेंद्र यादव, सुनिल यादव, नरेन्द्र बोडाने, कमल यादव, अभिमन्यु पुजारी, संदीप यादव सहित समाजजन उपस्थित रहे।

भव्य जन जागृति सनातन यात्रा में युवाओं को दिया एकजुटता का संदेश



देवास। सनातन संस्कृति से युवाओं को जोडऩे, समाज में जागरूकता बढ़ाने तथा जातिगत भेदभाव समाप्त कर सामाजिक एकता का संदेश देने के उद्देश्य से अखिल भारतीय सनातन परिषद के तत्वावधान में संस्था राम-राम द्वारा हिन्दूवीर शैलेन्द्र सिंह पवार के नेतृत्व में भव्य जन जागृति सनातन यात्रा निकाली गई। संस्था के नीरज वर्मा ने बताया कि यात्रा का शुभारंभ विजयागंज मंडी से हुआ। यात्रा में अखिल भारतीय सनातन परिषद के संभाग अध्यक्ष 108 श्री योगी महावीर नाथ महाराज महामंडलेश्वर, श्री वेदांत दास महाराज, राजीव खंडेलवाल, राजेश यादव सहित सनातन परिषद के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल हुए। विजयागंज मंडी से प्रारंभ हुई यात्रा जिले के विभिन्न गांवों से होते हुए मक्सी बायपास के मार्ग से कैलादेवी मंदिर पहुंची, जहां सभा का आयोजन किया गया। यात्रा का विभिन्न सामाजिक संगठनों ने स्वागत किया। यात्रा में शामिल युवाओं के हाथ में भगवा ध्वज आकर्षण का केंद्र रहा। सभा को संबोधित करते हुए शैलेन्द्र सिंह पवार ने कहा कि युवाओं को सनातन संस्कृति और उसके मूल विचारों से जोडऩा आज आवश्यक है। इसी उद्देश्य को लेकर जन जागृति सनातन यात्रा निकाली गई है।

मंत्री विजयवर्गीय ने की बप्पा की आरती, श्रद्धालुओं को परोसा भोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



चामुंडा कॉम्प्लेक्स परिसर में विराजे कृपालु के बप्पा के दरबार में गणेश उत्सव के सातवें दिन धार्मिक आयोजन के साथ भोजन प्रसादी का आयोजन किया गया। प्रदेश सरकार के मंत्री एवं कृपालु के बप्पा के संरक्षक कैलाश विजयवर्गीय रविवार को संस्था कृपालु के पंडाल में पहुंचे। संस्था संयोजक सुमेरसिंह दरबार एवं सदस्यों ने उनका आत्मीय स्वागत किया। कैलाश विजयवर्गीय ने कृपालु के बप्पा का विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर भव्य आरती की। आरती के बाद उन्होंने श्रद्धालुओं को स्वयं भोजन प्रसादी परोसी। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। सातवें दिन की भोजन प्रसादी में मालवा के पारंपरिक स्वाद के साथ राजस्थानी मिठास का भी संगम देखने को मिला। इस अवसर पर मंत्री विजयवर्गीय ने कहा कि गणेश उत्सव केवल पूजा-अर्चना और आरती तक सीमित नहीं है, बल्कि ऐसे आयोजन समाज को जोड़ने और सकारात्मक संदेश देने का माध्यम भी हैं। विजयवर्गीय ने भगवान गणेश के समक्ष "ॐ गं गणपतये नमः, सिद्धि विनायक नमो नमः" भजन भी गाया। इस दौरान श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल रहा।

उल्लास अभियान में हुई प्रतियोगिताएं



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनकच्छ

तहसील विधिक सेवा समिति सोनकच्छ द्वारा "उल्लास एक अभिनव प्रयोग" अभियान के द्वितीय चरण के तहत न्यायालयीन परिवार के सदस्यों एवं बच्चों के लिए विभिन्न रचनात्मक एवं मनोरंजक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्रथम जिला न्यायाधीश एवं तहसील विधिक सेवा समिति अध्यक्ष राघवेंद्र सिंह चौहान के मार्गदर्शन में हुआ।इस दौरान मेहंदी, रंगोली, फैंसी ड्रेस, एकल नृत्य एवं पूजा थाली सजावट प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। साथ ही एक मिनट प्रतियोगिता एवं टंग ट्विस्टर जैसी मनोरंजक गतिविधियां भी हुईं। कार्यक्रम में न्यायाधीश दशरथ सिंह भिड़े, न्यायाधीश परिंधि गुप्ता, न्यायाधीश प्राची गुणवान, मदन मोहन राव, राहुल सूर्यवंशी, पवननाथ राठौर एवं श्रीमती अर्चना दरिया सहित न्यायालयीन कर्मचारी, अधिवक्तागण एवं न्यायालय परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

विसर्जन जुलूस में धूमधाम से दी बप्पा को विदाई

झिलमिलाती झांकियों और अखाड़ों ने बांधा समां





हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा

नगर में पांच दिवसीय गणेश उत्सव के समापन अवसर पर रविवार को भगवान गणेश की प्रतिमाओं का विसर्जन चल समारोह धूमधाम और उत्साह के साथ निकाला गया। झिलमिलाती झांकियों, गणेश प्रतिमाओं से सजी ट्रॉलियों, आकर्षक अखाड़ों और जगह-जगह बनाए गए स्वागत मंचों ने समारोह को यादगार बना दिया। चल समारोह को देखने के लिए भौरासा सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। देर रात तक नगर की सड़कों पर श्रद्धालुओं और दर्शकों की भीड़ बनी रही। चल समारोह की शुरुआत आजाद चौक से हुई।

चल समारोह में भगवान गणेश की प्रतिमाओं से सजी झांकियां और आकर्षक झिलमिलाती झांकियों का कारवां चलता रहा। चल समारोह में श्री बजरंग अखाड़ा देवगढ़-हाटपिपलिया तथा चंदन व्यायामशाला तराना के पहलवानों ने विभिन्न करतब दिखाकर दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं। बड़े हनुमान चौक पर नगर एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की ओर से बनाए गए मंच से पूर्व मंत्री एवं सोनकच्छ के पूर्व विधायक सज्जन सिंह वर्मा ने सभी झांकियों को 10-10 हजार रुपए के नगद पुरस्कार प्रदान किए। मंच पर देवास शहर कांग्रेस अध्यक्ष मनोज राजानी, उत्कृष्ट वर्मा, सोनकच्छ जनपद अध्यक्ष सूरज सिंह ठाकुर, सोनकच्छ ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सौदान सिंह दरबार, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष राजेंद्र यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।नगर परिषद के मंच पर सोनकच्छ विधायक डॉ. राजेश सोनकर, राजीव खंडेलवाल, नरेंद्र सिंह राजपूत, राजेश यादव, रजत पाल सिंह राजपूत सहित संजय जोशी, उपाध्यक्ष जय सिंह राणा एवं पार्षद मौजूद रहे। छोटे हनुमान चौक, बस स्टैंड सहित अन्य स्थानों पर भी विभिन्न संस्थाओं और युवा मंडलों ने स्वागत एवं सम्मान कार्यक्रम आयोजित किए। चल समारोह रात करीब 2 बजे तक जारी रहा। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर थाना प्रभारी अनीता सिंह पुलिस बल के साथ पूरे समय मौजूद रहीं।

फलाहारी बाबा का 21वां निर्वाण दिवस आज, जुटेंगे संत-महात्मा और गुरुभक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली



प्रसिद्ध जटाशंकर तीर्थ के संस्थापक एवं क्षेत्र के तपोनिष्ठ संत ब्रह्मलीन संत 1008 श्री केशवदास त्यागी महाराज (फलाहारी बाबा) का 21वां निर्वाण दिवस महोत्सव सोमवार को वैदिक विधि-विधान के साथ शुरू हुआ। मंगलवार को पुण्यतिथि के अवसर पर जटाशंकर तीर्थ में संत-महात्माओं, श्रद्धालुओं और गुरुभक्तों का समागम होगा। महोत्सव के शुभारंभ अवसर पर तीर्थ के महंत बद्रीदास महाराज के सानिध्य में फलाहारी बाबा की प्रतिमा का अभिषेक एवं पूजन किया गया। भगवान जटाशंकर महादेव तथा गणेश-अंबिका पूजन के बाद वाग्योग चेतना पीठम् के 11 ब्राह्मण बटुकों ने श्री गुरु पादुका स्तोत्र का पाठ किया। इसके बाद पं. कनिष्क द्विवेदी एवं पं. ओम गुरु शर्मा के आचार्यत्व में 24 घंटे के अखंड रामचरितमानस पाठ का शुभारंभ हुआ। आज समाधि स्थल पर गुरु चरण पादुका पूजन, अभिषेक और गुरु पादुका स्तोत्र पाठ सहित विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम होंगे। इसके बाद महाआरती और फलाहारी भंडारे का आयोजन किया जाएगा।फलाहारी बाबा ने करीब 80 वर्ष पूर्व जटाशंकर तीर्थ की पुनर्स्थापना कर इसे धार्मिक पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। त्याग, तपस्या में लीन रहे बाबा फलाहार ग्रहण करते थे, जिसके कारण वे 'फलाहारी बाबा' के नाम से प्रसिद्ध हुए। निर्वाण दिवस पर धामनोद के संत अमृतदास , बुधनी के महंत अयोध्यादास , संत रामदास सहित इंदौर, उज्जैन, देवास, खरगोन और खंडवा सहित अन्य जिलों से संत-महात्माओं एवं श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है।

खबर संक्षेप

सेवानिवृत्त शिक्षकों व कर्मचारियों के पेंशन मामलों पर 23 को सुनवाई

ललितपुर। बेसिक शिक्षा परिषद के अंतर्गत सेवानिवृत्त शिक्षकों एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के लंबित पेंशन प्रकरणों के त्वरित निस्तारण के लिए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में 23 सितंबर को विशेष सुनवाई आयोजित की जाएगी। बीएसए रत्नेश कुमार की ओर से जारी विज्ञप्ति में संबंधित सेवानिवृत्त शिक्षकों एवं कर्मचारियों से निर्धारित तिथि और समय पर कार्यालय में उपस्थित होकर अपने लंबित मामलों का निस्तारण कराने की अपील की गई है। यह सुनवाई नोशनल पेंशन सहित पेंशन से संबंधित अन्य सभी लंबित कार्यों के निस्तारण के लिए आयोजित की जा रही है। इसके तहत 31 अगस्त 2026 से पूर्व सेवानिवृत्त हुए बेसिक शिक्षा परिषद के शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी अपने लंबित पेंशन संबंधी मामलों को लेकर उपस्थित हो सकेंगे। सेवानिवृत्त शिक्षकों एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के मामलों की सुनवाई के लिए 23 सितंबर को सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक का समय निर्धारित किया गया है। इस दौरान संबंधित कर्मचारी अपने पेंशन, नोशनल पेंशन अथवा अन्य लंबित प्रकरणों से संबंधित अभिलेखों के साथ जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पहुंचकर अपना पक्ष रख सकेंगे। इसी दिन कार्यरत शिक्षकों के लंबित प्रकरणों के लिए भी अलग समय निर्धारित किया गया है। ऐसे शिक्षक जिनके प्रकरण 20 मई 2026 से पूर्व के हैं, उनके मामलों की सुनवाई दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक की जाएगी। विशेष सुनवाई का उद्देश्य पेंशन एवं अन्य लंबित प्रकरणों को प्राथमिकता के आधार पर सुनकर उनके निस्तारण की प्रक्रिया को गति देना है। बीएसए रत्नेश कुमार ने संबंधित शिक्षकों एवं कर्मचारियों से अपील की है कि वे निर्धारित तिथि और समय पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय, ललितपुर के कक्ष में अनिवार्य रूप से उपस्थित हों, ताकि उनके प्रकरणों का परीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

पैसे वापस मांगने पर व्यक्ति से मारपीट, जातिसूचक गालियां देने का आरोप

ललितपुर। थाना सौजना क्षेत्र के ग्राम सौजना में जमीन खरीदने के लिए दिए गए रुपए वापस मांगने गए 60 वर्षीय व्यक्ति के साथ मारपीट और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करने का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने चार नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। मामले की विवेचना सीओ महरौनी द्वारा की जा रही है। पुलिस को दी गई शिकायत के अनुसार मध्य प्रदेश के जिला टीकमगढ़ अंतर्गत ग्राम केनवार, बड़ागांव निवासी सुक्का अहिरवार पुत्र सरजुआ, उम्र 60 वर्ष ने करीब दो वर्ष पूर्व ग्राम सौजना निवासी ऊदल सिंह और उसके पुत्र दीपू राजा को जमीन खरीदने के लिए रुपए दिए थे। आरोप है कि काफी समय बीत जाने के बाद भी न तो जमीन की खरीद कराई गई और न ही सुक्का के रुपए वापस किए गए। आरोप है कि रुपए वापस लेने के लिए वह लगातार प्रयास कर रहा था, लेकिन उसे रकम नहीं लौटाई जा रही थी। शिकायत के मुताबिक 18 सितंबर 2026 की सुबह करीब 10 बजे सुक्का अहिरवार अपने गांव के रोहित और रामस्वरूप के साथ रुपए मांगने के लिए ऊदल सिंह के घर ग्राम सौजना पहुंचा। आरोप है कि रुपए वापस मांगने की बात से नाराज होकर ऊदल सिंह, हल्कू सिंह, दीपू राजा और सुरेन्द्र प्रताप सिंह ने एकराय होकर सुक्का के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। शिकायत में जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करने का भी आरोप लगाया गया है। इसके बाद आरोपियों द्वारा लाठी-डंडों से मारपीट किए जाने की बात कही गई है। पुलिस को बताया कि मारपीट के दौरान शिवानी पत्नी दीपू राजा भी मौके पर पहुंची और उसने भी जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली-गलौज की। मारपीट में सुक्का के शरीर पर चोटें आने की बात शिकायत में कही गई है। आरोप है कि घटना के बाद आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से चले गए। थाना सौजना पुलिस ने तहरीर के आधार पर ग्राम सौजना निवासी ऊदल सिंह पुत्र हल्कू सिंह, दीपू राजा पुत्र ऊदल सिंह, सुरेन्द्र प्रताप सिंह पुत्र ऊदल सिंह तथा शिवानी पत्नी दीपू राजा के खिलाफ मामला पंजीकृत किया है।

डीएम ने अधिकारियों को दिए निर्देश, नपाध्यक्ष ने व्यवस्थाओं का लिया जायजा

जल विहार महोत्सव की तैयारियां अंतिम चरण में, जिला प्रशासन ने कसी कमर

सुम्मेरा तालाब, घाट, पुल, मार्ग, प्रकाश और सफाई व्यवस्था का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



बुंदेलखंड के सुप्रसिद्ध एवं ऐतिहासिक जल विहार महोत्सव को भव्य, सुव्यवस्थित और सुरक्षित बनाने के लिए जिला प्रशासन एवं नगर पालिका परिषद ने तैयारियां तेज कर दी हैं। जिलाधिकारी सत्यप्रकाश एवं नपाध्यक्ष सोनाली जैन ने जिला प्रशासन और पालिका अधिकारियों के साथ जल विहार महोत्सव से जुड़े प्रमुख स्थलों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान सुम्मेरा तालाब, जल विहार मार्गों, पुलों, घाटों, प्रकाश व्यवस्था, साफ-सफाई, यातायात और सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया।

इस दौरान अधिकारियों ने पंचमुखी हनुमान मंदिर के समीप बने पुल, ललितेश्वरी माता मंदिर के पास बने पुल सहित नगर के विभिन्न प्रमुख मार्गों और स्थलों की स्थिति देखी। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि महोत्सव से पहले सभी आवश्यक व्यवस्थाएं हर हाल में दुरुस्त कर ली जाएं, ताकि श्रद्धालुओं और नगरवासियों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। जिलाधिकारी एवं नपाध्यक्ष ने सुम्मेरा तालाब पहुंचकर महोत्सव के दौरान संभावित श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। तालाब क्षेत्र में साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, घाटों की स्थिति, आवागमन के रास्ते और सुरक्षा इंतजामों की जानकारी अधिकारियों से ली गई। डीएम ने अधिशासी अधिकारी को निर्देशित किया कि तालाब क्षेत्र में सफाई और प्रकाश व्यवस्था को और बेहतर बनाया जाए। साथ ही जल विहार से जुड़े सभी मार्गों की व्यवस्थाएं समय से पूरी करने के निर्देश दिए। उन्होंने तालाब क्षेत्र में आवश्यक सुरक्षा इंतजामों के साथ एनडीआरएफ टीमों की उपलब्धता सुनिश्चित करने को भी कहा।

जिलाधिकारी ने कहा कि महोत्सव के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ काम करते हुए व्यवस्थाओं को पहले से सुनिश्चित करें, ताकि आयोजन के दौरान किसी प्रकार की अव्यवस्था उत्पन्न न हो। नपाध्यक्ष ने कहा कि जल विहार महोत्सव ललितपुर की वर्षों पुरानी ऐतिहासिक, धार्मिक और सांस्कृतिक परंपरा का गौरवशाली पर्व है। इसमें ललितपुर के साथ आसपास के क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु और नागरिक शामिल होते हैं। उन्होंने कहा कि जल विहार पर्व ललितपुर की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक पहचान से जुड़ा आयोजन है। पालिका का प्रयास है कि महोत्सव में आने वाले प्रत्येक श्रद्धालु एवं नगरवासी को बेहतर सुविधाएं मिलें और उन्हें किसी प्रकार की परेशानी न हो। नपाध्यक्ष ने बताया कि नगर पालिका की ओर से साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, मार्गों की दुरुस्ती, सौंदर्यीकरण और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिए कि जिन कार्यों में अभी थोड़ा भी काम शेष है, उन्हें महोत्सव से पहले हर हाल में पूरा कर लिया जाए। उन्होंने कहा कि पालिका की पूरी टीम जल विहार महोत्सव को सफल, भव्य और व्यवस्थित बनाने के लिए पूरी जिम्मेदारी एवं तत्परता से कार्य कर रही है। श्रद्धालुओं को सुरक्षित और सुविधाजनक वातावरण उपलब्ध कराना पालिका की प्राथमिकता है। जिलाधिकारी ने क्षेत्राधिकारी सदर अजय कुमार को सुम्मेरा तालाब के प्रमुख घाटों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही जल विहार मार्गों पर यातायात व्यवस्था सुचारू बनाए रखने के लिए आवश्यक इंतजाम करने को कहा।

डीएम ने श्रद्धालुओं की संभावित भीड़ को देखते हुए यातायात, पार्किंग और सुरक्षा की पूर्व योजना तैयार रखने के निर्देश दिए, ताकि महोत्सव के दौरान जाम अथवा अव्यवस्था की स्थिति न बने। निरीक्षण के दौरान जिला प्रशासन और नगर पालिका की टीम ने जल विहार से जुड़े विभिन्न मार्गों, पुलों और सड़कों की स्थिति भी देखी। मौके पर संबंधित कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए सभी व्यवस्थाओं को निर्धारित समय सीमा में पूरा करने को कहा गया। निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी सदर हेमंत पटेल, क्षेत्राधिकारी सदर अजय कुमार, अधिशासी अधिकारी दिनेश कुमार विश्वकर्मा, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अनुराग अवस्थी, ओएसडी अनिल दीक्षित, अवर अभियंता निधि पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

घर से निकालने व मंगलसूत्र छीनने का आरोप

अदालत के आदेश पर जेठ और जिठानी के खिलाफ मुकदमा दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

थाना महरौनी क्षेत्र के ग्राम चढरऊ में पुलिस द्वारा कथित तौर पर कार्रवाई न किए जाने के बाद न्यायालय की शरण लेने वाली विवाहिता की शिकायत पर अदालत के आदेश से जेठ और जिठानी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

आरोप लगाया है कि पहले हुई मारपीट की शिकायत पुलिस से करने पर रंजिश मानते हुए आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की, गले से सोने का मंगलसूत्र छीन लिया और पति व सास के साथ भी मारपीट कर उन्हें घर से निकाल दिया। आरोपियों ने संपत्ति में हिस्सा न देने और जान से मारने की धमकी भी दी। ग्राम चढरऊ निवासी पूजा पत्नी प्रमोद ने न्यायालय में दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि 8 जुलाई 2026 को उसके जेठ वीरन पुत्र खुमान और जिठानी मानकुंवर पत्नी वीरन ने उसके, उसके पति तथा सास लाडकुंवर के साथ मारपीट और गाली-गलौज की थी। इस घटना की शिकायत थाना महरौनी और पुलिस चौकी खितवांस में की गई थी। आरोप है कि शिकायत किए जाने के बाद दोनों आरोपी उससे और उसके परिवार से रंजिश रखने लगे। बताया कि 10 जुलाई की सुबह करीब नौ बजे वह अपने घर पर थी। इसी दौरान वीरन और उसकी पत्नी मानकुंवर वहां पहुंचे और पुलिस में शिकायत करने की बात को लेकर विवाद करने लगे। आरोप है कि दोनों ने उससे कहा कि वह इस घर में नहीं रह पाएगी और उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। पूजा के अनुसार इसी दौरान आरोपियों ने उसके गले से सोने का मंगलसूत्र जबरन छीन लिया। शोर सुनकर उसके पति प्रमोद और सास लाडकुंवर बीच-बचाव करने पहुंचे तो उनके साथ भी मारपीट की गई। आरोप है कि इसके बाद पति-पत्नी को घर से निकाल दिया गया और कहा गया कि संपत्ति में उन्हें कोई हिस्सा नहीं मिलेगा।

आरोप है कि घटना के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से चले गए। पुलिस से कार्रवाई न होने पर उसने न्यायालय में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर मुकदमा दर्ज कराने की मांग की। उसने धारा 173(4) बीएनएसएस के तहत अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/ विशेष न्यायाधीश (दप्रक्षे), ललितपुर की अदालत में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया था। मामले में 31 जुलाई 2026 को अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुनील सिंह ने थाना महरौनी के थानाध्यक्ष को एफआईआर दर्ज कर विवेचना कराने का आदेश दिया। न्यायालय के आदेश के अनुपालन में थाना महरौनी पुलिस ने ग्राम चढरऊ निवासी वीरन पुत्र खुमान और मानकुंवर पत्नी वीरन/पुत्री खुमान के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज

महुआ के पेड़ पर चढ़े मासूम को डाली खींचकर गिराने का आरोप

ललितपुर। थाना पाली क्षेत्र के ग्राम चंदेरा में महुआ के पेड़ पर चढ़कर फल (गुली) तोड़ रहे एक नाबालिग बच्चे को डाली खींचकर नीचे गिराने के मामले में न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने नामजद आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पिता का आरोप है कि आरोपी ने बांस की मदद से उस डाली को खींच दिया, जिस पर बच्चा चढ़ा हुआ था। डाली टूटने से बच्चा नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद परिजन उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल ललितपुर ले गए। पुलिस द्वारा कार्रवाई न किए जाने का आरोप लगाते हुए पिता ने न्यायालय की शरण ली, जिसके बाद अदालत के आदेश पर एफआईआर दर्ज की गई।

ग्राम चन्देरा निवासी रघुवीर पुत्र रामदास ने न्यायालय में दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि 26 जून 2026 को दोपहर करीब एक बजे उसका नाबालिग पुत्र पढ़ाई की फीस जमा करने के लिए महुआ के पेड़ पर चढ़कर फल तोड़ रहा था। इसी दौरान गांव का ही घनश्याम पुत्र प्यारेलाल हाथ में बांस लेकर पेड़ के पास पहुंचा। आरोप है कि उसने बच्चे के साथ गाली- गलौज करते हुए कहा कि वह पेड़ की रखवाली कर रहा है और बच्चा वहां से गुली क्यों गिरा रहा है। शिकायत में बताया कि बच्चे ने अपनी आर्थिक परेशानी और स्कूल की फीस जमा करने के लिए गुली तोड़ने की बात कही, लेकिन आरोप है कि घनश्याम इससे नाराज हो गया। पिता का आरोप है कि आरोपी ने बच्चे को नुकसान पहुंचाने की नीयत से बांस से उसी डाली को खींच दिया, जिस पर बच्चा बैठा हुआ था। डाली टूटने के बाद बच्चा पेड़ से नीचे गिर गया और उसके शरीर में गंभीर चोटें आईं।

डोल ग्यारस जल विहार पर जिले में स्थानीय अवकाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

डोल ग्यारस एवं जल विहार पर्व के पावन अवसर पर जिला प्रशासन ने मंगलवार को जनपद में स्थानीय अवकाश घोषित किया है। जिला प्रशासन की ओर से जारी सूचना के अनुसार, इस दिन जिले के सभी सरकारी कार्यालय, शैक्षणिक संस्थान एवं अन्य प्रशासनिक कार्यालय बंद रहेंगे। जिला प्रशासन ने सर्वसाधारण को सूचित करते हुए बताया कि डोल ग्यारस/जल विहार के अवसर पर स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है। अवकाश के दौरान जनपद के संबंधित सरकारी कार्यालयों और शैक्षणिक संस्थानों में नियमित कार्य संचालित नहीं होंगे। प्रशासन की ओर से जारी सूचना के बाद 22 सितंबर को होने वाले जल विहार पर्व के आयोजन और धार्मिक गतिविधियों में लोगों की भागीदारी के लिए स्थानीय अवकाश रहेगा। संबंधित विभागों एवं संस्थानों को अवकाश संबंधी जानकारी के अनुसार आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने की अपेक्षा है। स्थानीय पर्व के अवसर पर नागरिकों से पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपेक्षा की गई है।

कमीशन में 75 रुपये की अंतरिम बढ़ोतरी समेत सात सूत्रीय मांगें

एलपीजी वितरकों ने अपनी मांगों को लेकर खोला मोर्चा, राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

26 अक्टूबर के बाद अनिश्चितकालीन हड़ताल की चेतावनी



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटर्स एसोसिएशन के नेतृत्व में देशभर के एलपीजी वितरकों ने अपनी विभिन्न लंबित मांगों को लेकर आंदोलन तेज कर दिया है। इसी क्रम में सोमवार को जिले के एलपीजी वितरकों ने जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपकर तेल कंपनियों की कथित मनमानी, कमीशन से जुड़े मुद्दों तथा वितरकों पर बनाए जा रहे दबाव को समाप्त कराने की मांग की।

वितरकों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर अपेक्षित कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को चरणबद्ध तरीके से आगे बढ़ाते हुए 26 अक्टूबर को नई दिल्ली के जंतर-मंतर पर धरना-प्रदर्शन किया जाएगा और इसके बाद अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू की जाएगी। एसोसिएशन पदाधिकारियों के अनुसार, वितरक अपनी मांगों के समर्थन में 1 सितंबर 2026 से काली पट्टी बांधकर शांतिपूर्ण विरोध दर्ज करा रहे हैं। आंदोलन के अगले चरण में 21 सितंबर को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन, 5 अक्टूबर को देशव्यापी प्रेस कॉन्फ्रेंस, 6 अक्टूबर को नो मनी नो इंडेंट अभियान तथा 26 अक्टूबर को जंतर-मंतर पर धरना-प्रदर्शन प्रस्तावित है। नो मनी नो इंडेंट अभियान के तहत वितरकों का कहना है कि वे पैसा जमा नहीं करेंगे और लोड भी नहीं लेंगे। वितरकों ने ज्ञापन में डेश नोवो स्टडी की संस्तुति के अनुरूप प्रशासनिक शुल्क एवं होम डिलीवरी प्रभार में तत्काल प्रभाव से 75 रुपये की अंतरिम वृद्धि किए जाने की मांग प्रमुखता से उठाई है। उनका कहना है कि वर्तमान परिस्थितियों में वितरण व्यवस्था से जुड़े खर्चों को देखते हुए कमीशन में वृद्धि आवश्यक है। वितरकों ने प्रत्येक ई-केवाईसी के लिए सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियों से 236 रुपये का भुगतान किए जाने की मांग की है। उनका कहना है कि ई-केवाईसी प्रक्रिया में वितरकों को अतिरिक्त कार्य और संसाधन लगाने पड़ते हैं, इसलिए इसके लिए निर्धारित भुगतान किया जाना चाहिए। ज्ञापन में सभी तेल कंपनियों से संसद द्वारा बनाए गए नियमों तथा द्रवीभूत पेट्रोलियम गैस प्रदाय और वितरण विनियमन आदेश की कंडिका 3(4) का पालन सुनिश्चित कराने की मांग की गई है। वितरकों ने आरोप लगाया कि उन्हें उत्पादों की बिक्री के लिए दबाव का सामना करना पड़ता है। एसोसिएशन ने इसे समाप्त किए जाने की मांग की है। वितरकों ने किसी भी वितरक को नॉन-डोमेस्टिक एलपीजी सिलेंडर बेचने के लिए दबाव नहीं डालने तथा उनके इंडेंट में जबरन संशोधन नहीं किए जाने की मांग की। इसके साथ ही उन्होंने आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 का हवाला देते हुए स्नञ्जरु की कथित अवैध बिक्री पर तत्काल रोक लगाने की मांग भी उठाई। ज्ञापन में पीएनजी की अनिवार्यता समाप्त करने की मांग भी की गई है।

एसोसिएशन का आरोप है कि निजी कंपनियों को लाभ पहुंचाने के लिए एमडीजी को अनिवार्य किया जाना उचित नहीं है। वितरकों ने इसे संविधान के अनुच्छेद 14 के अनुरूप नहीं बताते हुए व्यवस्था में बदलाव की मांग की है। एलपीजी वितरकों ने नए घरेलू वर्ग के गैस कनेक्शन फिर से चालू किए जाने की मांग की। उनका कहना है कि नए घरेलू गैस कनेक्शन बंद किए जाने से वितरकों के काम और उपभोक्ताओं की सुविधा पर असर पड़ रहा है। एसोसिएशन ने इन कनेक्शनों को अविलंब बहाल करने की मांग की है। ज्ञापन में विक्रय अधिकारियों द्वारा किए जा रहे कथित अवैध कार्यों तथा रूष्ठत्र के नाम पर वितरकों को ब्लैकमेल किए जाने की कथित प्रथा पर रोक लगाने की मांग भी की गई।

चकबंदी में जमीन बदलने का आरोप, किसान ने डीएम से लगाई गुहार

पुश्तैनी कृषि भूमि के बदले दूसरी जगह जमीन मिलने से किसान परिवार परेशान



ललितपुर। चकबंदी प्रक्रिया के दौरान कृषि भूमि के आवंटन में बदलाव किए जाने से परेशान ग्राम मऊमाफी निवासी एक किसान ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर मामले की जांच कराकर अपनी पुरानी भूमि वापस दिलाए जाने की गुहार लगाई है। किसान का आरोप है कि चकबंदी प्रक्रिया के दौरान उसकी लंबे समय से कब्जे और खेती में रही उपजाऊ जमीन को उससे अलग कर दूसरी जगह भूमि दे दी गई, जिससे उसके सामने खेती-किसानी का संकट खड़ा हो गया है। ब्लॉक बिरधा अंतर्गत ग्राम मऊमाफी निवासी बब्बू पुत्र हल्का कबूतरा ने जिलाधिकारी को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उसकी पत्नी लीलावती के नाम आराजी नंबर 0-68/1 में करीब 3.099 हेक्टेयर भूमि दर्ज है। शिकायतकर्ता के अनुसार उक्त भूमि नदी के पास स्थित है और वह लंबे समय से इस भूमि पर खेती करता चला आ रहा था। किसान का कहना है कि उसने भूमि की सुरक्षा के लिए पत्थर गड़वाने के साथ तारवारी की बाउंड्री भी कराई थी। शिकायतकर्ता के अनुसार चकबंदी प्रक्रिया के दौरान उसकी पुरानी कृषि भूमि को बदलकर दूसरी आबादी क्षेत्र की ओर भूमि दे दी गई। किसान का कहना है कि जिस भूमि पर वह पहले खेती कर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था, उससे संबंधित स्थिति बदल जाने के कारण उसे आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। आरोप है कि नई भूमि की स्थिति उसके लिए खेती के लिहाज से सुविधाजनक नहीं है। किसान ने प्रार्थना पत्र में यह भी आरोप लगाया कि जब वह अपनी पुरानी भूमि की ओर खेती करने के लिए जाता है तो विवाद की स्थिति बन जाती है। उसका कहना है कि कुछ लोगों की ओर से जमीन पर कब्जा करने की नीयत से विवाद उत्पन्न किए जाने की आशंका है। इससे किसान और उसका परिवार परेशान है तथा खेती का कार्य प्रभावित हो रहा है। पीड़ित किसान ने जिलाधिकारी से मामले की निष्पक्ष जांच कराकर चकबंदी प्रक्रिया में भूमि परिवर्तन से संबंधित अभिलेखों की जांच कराने की मांग की है। उसने अपनी पूर्व में रही भूमि को पुनः उपलब्ध कराने का अनुरोध करते हुए कहा है कि इससे संभावित विवाद की स्थिति समाप्त होगी और वह सुरक्षित रूप से अपनी कृषि भूमि पर खेती कर परिवार का भरण-पोषण कर सकेगा।

अधिकृत डीलरों की सूची समय पर जारी नहीं होने और एसएमएस न मिलने से बढ़ी समस्या

कृषि यंत्रों के बिल अपलोड में समस्या, चयनित किसान परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



कृषि यंत्र अनुदान योजना के तहत टोकन प्रक्रिया में चयनित किसानों को कृषि यंत्रों के बिल विभागीय पोर्टल पर अपलोड करने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अधिकृत कृषि यंत्र निर्माताओं एवं डीलरों की सूची समय पर उपलब्ध नहीं होने तथा कई चयनित किसानों को बिल अपलोड करने की अंतिम तिथि से संबंधित एसएमएस प्राप्त नहीं होने के कारण करीब 40 प्रतिशत चयनित किसान अभी तक अपने बिल पोर्टल पर अपलोड नहीं कर सके हैं।

समस्या को लेकर जिले के अधिकृत डीलरों एवं चयनित किसानों में चिंता बनी हुई है। किसानों और डीलरों ने कृषि निदेशक को पत्र भेजकर बिल अपलोड करने की अंतिम तिथि बढ़ाने सहित अन्य मांगें उठाई हैं। कृषि विभाग की अनुदान योजना के अंतर्गत टोकन प्रक्रिया के माध्यम से चयनित किसानों को विभाग द्वारा स्वीकृत निर्माताओं एवं अधिकृत डीलरों से ही कृषि यंत्र खरीदना होता है। कृषि यंत्र की खरीद के बाद संबंधित बिल को विभागीय पोर्टल पर अपलोड करना अनिवार्य है, ताकि अनुदान प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जा सके। ऐसे में स्वीकृत निर्माताओं और डीलरों की सूची किसानों के लिए महत्वपूर्ण है। किसानों एवं अधिकृत डीलरों का कहना है कि विभाग द्वारा स्वीकृत सूची समय पर उपलब्ध या जारी नहीं किए जाने के कारण बड़ी संख्या में चयनित किसान निर्धारित प्रक्रिया के तहत अपने बिल अपलोड नहीं कर सके। इससे अनुदान योजना का लाभ मिलने की प्रक्रिया प्रभावित होने की आशंका बनी हुई है। किसानों की ओर से यह भी बताया गया है कि बिल अपलोड करने की अंतिम तिथि से संबंधित सूचना सामान्यतः एसएमएस के माध्यम से दी जाती है। हालांकि, करीब 20 से 30 प्रतिशत चयनित किसानों को अंतिम तिथि से संबंधित कोई एसएमएस प्राप्त नहीं हुआ। इसके चलते कई किसान समय रहते पोर्टल पर बिल अपलोड करने की प्रक्रिया पूरी नहीं कर पाए।

किसानों का कहना है कि जब अंतिम तिथि की सूचना समय पर नहीं मिली और अधिकृत डीलरों की स्वीकृत सूची भी उपलब्ध नहीं हो सकी, तो ऐसी स्थिति में किसानों के सामने बिल अपलोड करने में व्यावहारिक दिक्कतें खड़ी हो गईं। अधिकृत डीलरों और चयनित किसानों द्वारा कृषि निदेशक को भेजे गए पत्र में कहा गया है कि बिल अपलोड करने की निर्धारित अंतिम तिथि समाप्त हो चुकी है। स्वीकृत सूची समय पर उपलब्ध नहीं होने और एसएमएस के माध्यम से सूचना नहीं मिलने जैसी समस्याओं के कारण अनेक चयनित किसान बिल अपलोड करने से वंचित रह गए हैं। पत्र में किसानों की ओर से यह अनुरोध किया गया है कि यदि विभागीय स्तर पर सूची उपलब्ध होने में देरी या सूचना संबंधी समस्या के कारण बिल अपलोड नहीं हो पाए हैं, तो उसका खामियाजा किसानों को न भुगतना पड़े। चयनित एवं पात्र किसानों को अतिरिक्त अवसर देकर अनुदान प्रक्रिया में शामिल रहने का मौका दिया जाए। किसानों एवं अधिकृत डीलरों ने कृषि निदेशक के समक्ष निम्नलिखित मांगें रखी है कि विभाग द्वारा स्वीकृत कृषि यंत्र निर्माताओं एवं अधिकृत डीलरों की सूची शीघ्र जारी कर विभागीय पोर्टल पर उपलब्ध कराई जाए।

रात के समय घर में घुसने का आरोप

घर में घुसकर विवाहिता का हाथ पकड़कर खींचा, पति से मारपीट

पति-पत्नी को चोटें आईं, आरोपी ने जान से मारने की धमकी दी

ललितपुर। थाना नाराहट क्षेत्र के एक गांव में रात के समय घर में घुसकर विवाहिता से छेड़छाड़ करने और विरोध करने पर उसके पति के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि गांव का ही एक व्यक्ति घर में घुस आया और उसका हाथ पकड़कर जबरन बाहर खींचते हुए जमीन पर पटक दिया। इसी दौरान घर पहुंचे पति ने जब घटना का विरोध किया तो आरोपी ने उसके साथ भी गाली-गलौज और मारपीट की। घटना में पति-पत्नी दोनों को चोटें आने का आरोप है। तहरीर पर नाराहट पुलिस ने नामजद आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। 27 वर्षीय महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बीती 17 सितंबर की रात करीब 10 बजे वह अपने घर में सो रही थी। उस समय उसका पति घर से बाहर गया हुआ था। आरोप है कि इसी दौरान गांव का विजय पुत्र आशाराम घर के अंदर घुस आया। आरोपी ने उसका हाथ पकड़ लिया और जबरन घर से बाहर की ओर खींचने लगा। इस दौरान उसे जमीन पर पटक दिया गया। महिला द्वारा विरोध करने पर भी आरोपी नहीं रुका। बताया कि इसी दौरान उसका पति वापस घर पहुंच गया। उसने आरोपी की हरकत का विरोध किया तो विजय ने उसके साथ गाली-गलौज शुरू कर दी और मारपीट करने लगा। आरोप है कि मारपीट में वह और उसके पति दोनों को चोटें आईं। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला पंजीकृत किया है।

नगर के सोनी मोहल्ले की घटना

व्यापारी के घर से नोटों की थैली लेकर भागा बंदर

राजगढ़। नगर में इन दिनों बंदरों का आंतक छाया हुआ है। लाल मुंह वाले बंदरों द्वारा तो कुछ लोगों को चोटिल करने के मामले भी सामने आ चुके हैं। रविवार को हुई एक घटना में स्थानीय सोनी मोहल्ले निवासी व्यापारी वल्लभ गुप्ता उर्फ ठीकरिया के घर से एक बंदर नोटों से भरी हुई थैली लेकर भाग निकला। गुप्ता एक थोक विक्रेता हैं और शनिवार रात्रि अलग-अलग दुकानों से पेमेंट इकट्ठा कर पॉलीथीन की थैली को घर में रख दिया था। रविवार सुबह एक बंदर खिड़की से घर में दाखिल हुआ और रुपए से भरी थैली लेकर भाग निकला। श्री गुप्ता के अनुसार थैली में करीब 35-40 हजार रुपए थे। बाद में बंदर ने थैली को फाड़ा जिसके अनेकों नोट इधर-उधर बिखर गए जिन्हें घर के लोगों ने समेट लिया। हालांकि, 7-8 हजार रुपए नहीं मिल पाए। नगवासियों ने वन विभाग से मांग की है कि उत्पाती बंदरों को पकड़कर अन्यत्र स्थानों पर छोड़ दिया जाए ताकि आम नागरिक को इस तरह के नुकसान से बच पाएं। बंदर घरों की छतों पर रखे खाद्य पदार्थों, दालों, पापड़ इत्यादि को भी नुकसान पहुंचा रहे हैं।

ग्राम लीमाचौहान में कुएं में डूबने से 12 वर्षीय बालिका की मौत

सारंगपुर। समीपस्थ ग्राम लीमाचौहान में रविवार दोपहर कुएं में एक 12 वर्षीय बालिका की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार पूनम खाती (12), पिता दिलीप, निवासी किशनपुरा खेड़ी, वर्तमान में अपने मामा के यहां रह रही थी। रविवार दोपहर करीब 2 बजे वह गांव की टंकी के पीछे स्थित कुएं में नहाने गई थी। इसी दौरान वह अचानक कुएं में गिरकर डूब जाने से उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही थाना लीमाचैहान पुलिस मौके पर पहुंची और पुलिसकर्मियों ने बालिका को कुएं से बाहर निकाला। इसके बाद 112 वाहन की मदद से उसे उपचार के लिए सिविल अस्पताल सारंगपुर भेजा गया। अस्पताल में चिकित्सकों ने बालिका का मेडिकल परीक्षण किया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस द्वारा आवश्यक कार्रवाई के बाद शव का पोस्टमार्टम कराया गया और शव परिजनों को सौंप दिया गया। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर घटना की जांच शुरू कर दी है।

केंद्र की सद्धबुद्धि के लिए कार्यक्रम स्थल पर किया हनुमान चालीसा का पाठ

सवर्णों ने यूजीसी को बताया काला कानून, निकाली विशाल विरोध रैली





हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

रैली उपरान्त प्रधानमंत्री के नाम प्रशासनिक अधिकारियों को सौंपा ज्ञापन

आरक्षण व्यवस्था में सुधार की मांग एवं सामान्य वर्ग के लिए बने यूजीसी कानून को वापस लेने की मांग को लेकर जिले के स्वर्ण समाज द्वारा मुख्यालय पर बड़ा आंदोलन किया गया। स्थानीय मंगल भवन में आयोजित कार्यक्रम में स्वर्ण समाज के सैकड़ों लोग एकत्रित हुए जहां विभिन्न समाजों के पदाधिकारियों ने अपनी-अपनी बात रखी। इस दौरान संशोधित यूजीसी कानून को वापस लेने की मांग और केंद्र सरकार को सद्धबुद्धि देने उपस्थितजनों द्वारा कार्यक्रम स्थल पर सामुहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। करीब 2 घंटे तक चले कार्यक्रम उपरान्त लोगों द्वारा नगर में एक विशाल आक्रोष रैली निकाली गई। यह रैली नाका नंबर-3, मेन मार्केट, पारायण चैक, गणेश चैक, तुल्ली चौक, किला क्षेत्र, पुराना बस स्टैंड, अस्पताल रोड, खिलचीपुर नाका होते हुए कलेक्टेट परिसर पहुंची। यहां सभी ने प्रधानमंत्री के नाम अपनी मांगों का ज्ञापन अधिकारियों को सौंपा।

नरसिंहगढ़ क्षेत्र के स्वर्णों की रही अधिकता

कार्यक्रम में वैसे पूरे जिले के सामान्य व स्वर्णवर्ग के लोगों उपस्थित रहे लेकिन नरसिंहगढ़ क्षेत्र के लोगों की अधिकता देखी गई। समाज के पदाधिकारियों ने भी उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए विषयसंगत अपने-अपने विचार व्यक्त किए।

रैली का स्थान-स्थान पर हुआ स्वागत, अभिनंदन

इस आक्रोष रैली का नगर में विभिन्न स्थानों पर सामाजिक व अन्य संस्थाओं, समितियों द्वारा कहीं पुष्पवर्षा तो कहीं शीतल जल से भावभीना स्वागत, अभिनंदन किया गया। गणेश चैक पर मेड़तवाल महिला मंडल की पदाधिकारी एवं सदस्यों द्वारा रैली में शामिल जनों पर पुष्पवर्षा की गई।

ज्ञापन में यह रखी गई प्रमुख मांगे

ज्ञापन में प्रमुखता से मांग रखी गई कि आरक्षण व्यवस्था में सुधार किया जाए एवं आर्थिक आधार पर आरक्षण की समीक्षा की जाए। सामान्य वर्ग विरोधी कानून को काला कानून बनाते हुए यूजीसी को वापस लेने की पुरजोर मांग रखी गई। इसके साथ ही एसटी/एसटी एक्ट में संशोधन करने की मांग रखते हुए निष्पक्ष जांच से पहले काई कार्यवाही न करना एवं सामान्य वर्ग के विद्यार्थियों को वे सभी सुविधाएं प्रदान करना जो अन्य विद्यार्थियों को प्रदान की जाती हैं। शिक्षा एवं रोजगार में भी सभी को समान दृष्टि से अवसर प्रदान करने की मांग का उल्लेख ज्ञापन में किया गया।

कमिश्नर हेल्थ 21 तक किए तलब

सीएमएचओ को लाभ पहुंचाने की शिकायत आयुक्त को नोटिस



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

कुछ माह पहले राजगढ़ मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शोभा पटेल को लोकायुक्त भोपाल पुलिस ने 20 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगेहाथों गिरफ्तार किया था। सीएमएचओ को पद से हटाने के आदेश में स्वास्थ्य आयुक्त एस. धनराजु ने लोकायुक्त द्वारा की गई कार्यवाही की पुष्टि का उल्लेख नहीं किया जिसके चलते सीएमएचओ डॉ. पटेल अपने तबादले पर न्यायालय से स्थगन आदेश ले आईं। इस मामले में सीएमएचओ को लाभ पहुंचाने हेतु सोच-समझाकर आदेश में त्रुटि करने के संबंध में शिकायत हुई है। शिकायत के आधार पर लोकायुक्त पुलिस ने स्वास्थ्य आयुक्त एस. धनराजु को कल 21 सितंबर को तलब किया है। लोकायुक्त ने कहा है कि तबादले से जुड़े आदेश, नोटशीट व तबादला आदेश से जुडे अन्य अधिकारी, कर्मचारियों को भी कथन के लिए उपस्थित रहने कहा जाए।

उप-पुलिस अधीक्षक ने जारी किया नोटिस

लोकायुक्त कार्यालय के उप पुलिस अधीक्षक वीरेंद्र सिंह ने यह नोटिस जारी किया है। नोटिस में उल्लेख किया गया है कि सीएमएचओ डॉ. पटेल को 17 अप्रेल को रिश्वत लेते पकड़ा गया था। लोकायुक्त को शिकायत मिली है कि स्वास्थ्य आयुक्त ने श्रीमती पटेल के स्थानांतरण आदेश में गल्तियां की जिसका लाभ उन्हें मिला और वे अपने तबादले पर कोर्ट से स्टे ले आईं।

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नंदावता मे सेवा संकल्प अभियान



हरिभूमि न्यूज ⏭ नंदावता

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नंदावता मे सेवा संकल्प अभियान का कार्यक्रम भाजपा शक्ति केन्द्र संयोजक दिनदयाल शर्मा, भाजपा आईटी सेल के विजय सिंह आंजना, शिक्षक पालक संघ के अध्यक्ष पवन सिंह आंजना, उपाध्यक्ष उमेश पालीवाल के मुख्य आतिथ्य सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य वजेराम बामनिया ने की आयोजित प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने वाले छात्र छात्राओं को अतिथियों ने पुरस्कृत किया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार उपस्थित था।

झांकी पंडाल में करंट लगने से 17 वर्षीय बालक की मौत, तैयारी करने के दौरान हुआ हादसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरावर

नगर में रविवार शाम गणेश उत्सव की तैयारियों के दौरान टॉकीज मोहल्ले में बड़ा हादसा हो गया। राजा गणेश झांकी पंडाल में विद्युत तार लगाते समय करंट की चपेट में आने से 17 वर्षीय बालक की मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

जानकारी के अनुसार टॉकीज मोहल्ला निवासी बलराज पिता राजेंद्र सिंह तोमर उर्फ गोपाल (17) रविवार शाम करीब 4.30 बजे झांकी पांडाल में शाम के कार्यक्रम की तैयारी कर रहा था। इसी दौरान विद्युत तार लगाते समय उसे करंट लग गया। आसपास मौजूद लोगों ने घटना की जानकारी उसके चाचा भूपेंद्र तोमर को दी। परिजन व मोहल्लेवासी तत्काल बालक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुरावर लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए नरसिंहगढ़ सिविल अस्पताल भेजा गया।



पुलिस ने पंचनामा तैयार कर मर्ग कायम करते हुए मामले को जांच में लिया है।

झांकी पंडालों में सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल

हादसे के बाद नगर में गणेश उत्सव के लिए लगाए गए झांकी पंडालों में विद्युत सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं। नगर में इस वर्ष करीब 30 से 40 स्थानों पर गणेश पंडाल लगाए गए हैं। इनमें कई समितियां पंडाल और झांकी पर लाखों रुपए खर्च करती हैं, लेकिन विद्युत व्यवस्था में सुरक्षा मानकों का पालन कितना किया जा रहा है, यह हादसा इसका गंभीर उदाहरण है।बताया जाता है कि शांति समिति की बैठकों में विद्युत विभाग द्वारा गणेश उत्सव समितियों से नियमानुसार अस्थाई विद्युत कनेक्शन लेने की बात कही जाती है। इसके बावजूद कई समितियां अस्थाई कनेक्शन लेने के बजाय विद्युत लाइन या केबल से सीधे कनेक्शन लेती हैं। पंडालों के आसपास बेतरतीब ढंग से विद्युत तार और केबल फैले रहने से हादसे का खतरा बना रहता है।

करीब 7500 रुपए में मिलता है अस्थाई कनेक्शन

विद्युत वितरण कंपनी के कनिष्ठ अभियंता सत्येंद्र सिंह ने बताया कि नियमानुसार झांकी समितियों को करीब 5 किलोवाट का अस्थाई विद्युत कनेक्शन लेना चाहिए। इसकी 10 दिन की अवधि के लिए लागत करीब 7500 रुपए के आसपास आती है। अस्थाई कनेक्शन लेने पर पंडाल में विद्युत व्यवस्था व्यवस्थित तरीके से की जाती है और सुरक्षा की दृष्टि से भी यह बेहतर रहता है।

कर्मचारियों के अधिकारों और सेवा सुरक्षा को लेकर आज देंगे ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

मध्य प्रदेश राज्य आउटसोर्स कर्मचारी संघ द्वारा प्रदेश के विभिन्न शासकीय विभागों में कार्यरत कर्मचारियों की लंबित मांगों और समस्याओं के निराकरण के लिए आज 22 सितंबर 2026 को प्रदेशव्यापी कार्यक्रम के तहत मंदसौर में श्रम कार्यालय में दोप. 1.30 बजे ज्ञापन सौंपा जाएगा। संघ के जिलाध्यक्ष फकीरचन्द गुर्जर (मंदसौर) ने बताया कि ठेका और आउटसोर्स व्यवस्था में लंबे समय से कार्यरत कर्मचारियों के हितों और सेवा सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिए जाने की आवश्यकता है। कर्मचारियों को बिना किसी कारण, बिना उचित नोटिस और बिना निर्धारित प्रक्रिया के नौकरी से हटाए जाने की व्यवस्था पर तुरंत रोक लगाई जानी चाहिए। सेवा समाप्ति से पहले कर्मचारियों को अपना पक्ष रखने का अवसर मिलना चाहिए और उनके लिए एक ठोस दीर्घकालीन सेवा सुरक्षा नीति बनाई जानी चाहिए। इन्हीं सब मुद्दों और अधिकारों को लेकर आज 22 सितंबर को जिला श्रम कार्यालय में ज्ञापन प्रस्तुत कर शासन एवं संबंधित अधिकारियों का ध्यान आकर्षित किया जाएगा।

संघ द्वारा ज्ञापन के माध्यम से मांग की जाएगी कि आउटसोर्स कर्मचारियों को श्रम कानूनों के अनुरूप न्यूनतम वेतन के बजाय बढ़ती महंगाई और जीवन-यापन की लागत को देखते हुए लिविंग वेज (जीवन-यापन योग्य वेतन) प्रदान किया जाए। साथ ही ईपीएफ, ईएसआई सहित अन्य सभी वैधानिक सुविधाओं का समुचित लाभ सुनिश्चित किया जाए और समय पर वेतन का भुगतान किया जाए।

सेवा संकल्प अभियान के तहत शाउमा विद्यालय झाड़मऊ में कार्यक्रम आयोजित



जीरापुर। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय झाड़मऊ में चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।चित्रकला प्रतियोगिता का विषय ष्मेरे सपनों का भारतष रहा, जिसमें कुल 52 छात्र-छात्राएं सम्मिलित हुए। इसमें किरण मधुरानी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं भाषण प्रतियोगिता में कुल 20 छात्र-छात्राएं सम्मिलित हुए, जिसमें जगदीश मेघवाल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में अतिथि दिनेश राठौर, प्रहलाद सिंह, महेश गुप्ता ने छात्र-छात्राओं को सेवा संकल्प अभियान की आगामी गतिविधियों एवं अन्य ज्ञानवर्धक विषयों पर मार्गदर्शन दिया। जहां पर बच्चों को बताया कि प्रतियोगिता किसी भी तरह कि हो उससे बच्चों को नया अनुभव तथा उसके विकास का रास्ता खुलता है, प्रतिभागी को ऐसे आयोजन में भाग लेकर हमेशा सर्वांगीण विकास होता है।इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य जगदीश दांगी, संस्था शिक्षक अनीमा खेस्स, प्रणव खुजनेरी, कमल मंडलोई, संतोष रघुवंशी,सीमा शर्मा, प्रीति गुप्ता, बालचंद वर्मा, कृष्णा गौर, प्रदीप गौतम, मुकेश राठौर, रघुवीर भँवरसिंह चोंडावत, महेंद्र प्रताप, योगेश तिवारी, दिलीप वर्मा, मेहरवान सिंह एवं अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

विभाग स्तरीय संस्कृति महोत्सव का समापन व पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न

संस्कृति व संस्कारों से जुड़कर राष्ट्र निर्माण में सहभागी बनें : टेटवाल

हरिभूमि न्यूज. सारंगपुर । स्थानीय सरस्वती शिशु विद्या मंदिरमें आयोजित विभाग स्तरीय संस्कृति महोत्सव का समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह रविवार को संपन्न हुआ। राजगढ़, सीहोर एवं गुना जिलों से करीब 250 भैया-बहनों ने प्रतियोगिताओं में सहभागिता की। मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश शासन के कौशल विकास एवं रोजगार विभाग के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम टेटवाल रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिका परिषद सारंगपुर अध्यक्ष पंकज पालीवाल ने की। विद्यालय प्राचार्य चैनसिंह बन्नासिया ने अतिथियों का स्वागत किया। अपने उद्बोधन में मंत्री गौतम टेटवाल ने सभी प्रतिभागियों को प्रतियोगिताओं में सहभागिता एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी। उन्होंने 'वंदे मातरम के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह राष्ट्र के प्रति प्रेम, सम्मान और समर्पण की भावना जागृत करने वाला भाव है। उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम के वीर सेनानियों और महान नायकों के त्याग एवं बलिदान को स्मरण करते हुए विद्यार्थियों से उनसे प्रेरणा लेने का आह्वान किया। मंत्री टेटवाल ने कहा कि विद्यार्थियों को आधुनिक शिक्षा एवं नई तकनीक के साथ आगे बढ़ते हुए भारतीय संस्कृति, परंपराओं और संस्कारों से भी जुड़े रहना चाहिए। देश के प्रति कर्तव्य,



अनुशासन और राष्ट्रभक्ति की भावना को जीवन में अपनाकर विद्यार्थी राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। महोत्सव के दौरान विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा, कला, ज्ञान एवं सांस्कृतिक अभिरुचि का प्रभावी प्रदर्शन किया। विभाग समन्वयक गुरु चरण गौड़, सचिव अशोक कुमार साहू, संयोजक शिवकुमार तिवारी, प्रतियोगिता प्रभारी शिवराज सिंह चैहान, ओमप्रकाश राठी, दिनेश चैहान, अनिल बरकिया, दिलीप परमार, राजेंद्र पटवा, धर्मेंद्र वर्मा, डॉ. ध्रुव भल्ला, श्याम कारपेंटर, रामबाबू नारोलिया, हुकुम सोनी, रेनू वंशकार एवं कमल राठौर सहित गणमान्यजन उपस्थित रहे।

सुनील बंसल अध्यक्ष मनोनीत



माचलपुर। अग्रवाल युवा मंच की बैठक शनिवार को आयोजित की गई। बैठक में मंच की ओर से गत वर्ष की सालाना आवक-जावक का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया। साथ ही आगामी अग्रसेन जयंती महोत्सव-2026 को लेकर कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में अग्रवाल युवा मंच अध्यक्ष पद के लिए सुनील बंसल का नाम प्रस्तावित किया गया, जिसे उपस्थित सदस्यों ने सर्वसम्मति से पारित करते हुए उन्हें अध्यक्ष मनोनीत किया। बैठक में अग्रवाल युवा मंच की नई कार्यकारिणी का गठन भी किया गया। इसमें संरक्षक आयुष माधावत, अध्यक्ष सुनील बंसल, उपाध्यक्ष नीरज अग्रवाल (पिपल्या कुलमी) एवं तुषार बंसल, सचिव चंदन खरेशवाला, सहसचिव विनय माधावत एवं तनिष्ठ माधावत को जिम्मेदारी सौंपी गई।वहीं कार्यकारिणी सदस्य के रूप में विपिन गर्ग, कुलदीप अग्रवाल, अर्पित खरेशवाला, प्रदीप बंसल, प्रमोद गोयल एवं निखिल गोयल को शामिल किया गया। बैठक में पदाधिकारियों ने अग्रसेन जयंती महोत्सव को लेकर आयोजन को व्यवस्थित और भव्य रूप देने पर भी विचार-विमर्श किया।

देवनारायण जयंती पर गाजे-बाजे के साथ निकाली शोभायात्रा, जगह-जगह पुष्पवर्षा कर किया स्वागत



हरिभूमि न्यूज. नरसिंहगढ़। भगवान श्री देवनारायण जयंती के उपलक्ष्य में शनिवार को गुर्जर समाज द्वारा नगर में भव्य चल समारोह निकाला गया। इसमें बड़ी संख्या में समाजबंधुओं सहित नागरिक शामिल हुए। दोपहर 12 बजे थावरिया स्थित भगवान देवनारायण मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद चल समारोह प्रारंभ हुआ।शोभायात्रा पाल रोड, पांडव चैराहा, छारबाग चैराहा, छत्री चैराहा, चंपी और फूलबाग होते हुए सामुदायिक भवन पहुंची, जहां विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। गाजे-बाजे के साथ निकली शोभायात्रा में युवाओं ने उत्साह के साथ नृत्य किया। वहीं भगवान देवनारायण की आकर्षक झांकी श्रद्धालुओं और नगरवासियों के आकर्षण का केंद्र रही।

जगह-जगह हुआ स्वागतः चल समारोह का नगरवासियों द्वारा जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। प्रमुख चैराहों पर स्वागत द्वार बनाए गए थे तथा बैनर-पोस्टर लगाए गए। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में समाजबंधुओं की मौजूदगी रही।सामुदायिक भवन में आयोजित कार्यक्रम में वक्ताओं ने सामाजिक एकता और समाज की एकजुटता पर जोर दिया। साथ ही धार्मिक एवं सामाजिक आयोजनों में समाज की अधिक से अधिक सहभागिता का आह्वान किया गया। कार्यक्रम का समापन सहभोज के साथ हुआ।

सेवा संकल्प अभियान में चित्रकला व भाषण प्रतियोगिता आयोजित

नरसिंहगढ़। संदीपनि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नरसिंहगढ़ में सेवा संकल्प अभियानके तहत विकसित भारत की संकल्पना के अंतर्गत मेरे सपनों का भारत जैसे अभिनव विषय पर चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता से विद्यार्थियों में अपने विकसित भारत के प्रति कल्पनाशीलता एवं उनकी प्रतिभा का प्रदर्शन देखने को मिला। विद्यालय के एसएमसी अध्यक्ष दिनेश नागर एवं प्राचार्य बृजादित्य सक्सेना द्वारा सर्वोच्च स्थान पाने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र वितरण कर उनका उत्साह वर्धन किया।भाषण प्रतियोगिता में -प्रथम स्थान नितेश सूर्यवंशी, द्वितीय स्थान रौनक वर्मा एवं तृतीय स्थान स्नेह नागर ने प्राप्त किया। वहीं चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान मयंक मेवाडे, द्वितीय स्थान दिव्या द्विवेदी एवं निर्मल वर्मा ने एवं तृतीय स्थान अंशीला कुशवाह एवं वंदना ने प्राप्त किया। सफल आयोजन में शिक्षक ध्रुवसिंह पंवार, षिक्षिका उषा शर्मा, विनीता शर्मा,नेहा सोलंकी, प्रीति सोनी, अंकिता तोमर एवं नर्मदा प्रसाद करनोदिया, प्रदीप चंद्रावत का सहयोग रहा।

नगर व जिले में गणेशोत्सव की धूम, श्रद्धालु कर रहे दर्शन

गणेशजी को राखी बांधती बहन की झांकी मोह रही मन



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

नगर सहित पूरे जिले में 10 दिवसीय गणेशोत्सव पर विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित हो रही हैं। इसके साथ ही विभिन्न झांकी समितियों द्वारा विराजित गणेश प्रतिमाएं भी श्रद्धालुओं का मन मोह रही हैं। इसी कड़ी में मुख्यालय के पुराने मिर्ची बाजार में साईं ग्रुप द्वारा सजाई गई झांकी में भगवान गणेश को उनकी बहिन अशोक सुंदरी द्वारा राखी बांधने का अनुपम दृश्य निहारने रोजाना सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। इसके साथ ही पारायण चैक परिसर, बड़ चैक, खिलचीपुर नाका, नाका नंबर-3, मंगल भवन सहित अन्य स्थानों पर रात्रि की आरती उपरान्त अलग-अलग तरह के प्रसादी वितरित की जा रही है। पारायण चैक परिसर में स्थापित झांकी समिति में शनिवार रात्रि भगवान गणेश को छप्पन भोग की प्रसादी अर्पित की गई। इसके साथ ही बड़ चैक की झांकी में इडली, सांभर का वृहद स्तर पर वितरण करवाया गया। खिलचीपुर नाके पर भी खीर की प्रसादी बांटी गई। अन्य झांकी समितियां भी इसी तरह अलग-अलग प्रसादी का वितरण करवा रही हैं।

सुरक्षा के पुख्ता इंतेजाम

पुलिस विभाग द्वारा सुरक्षा के लिहाज से सभी झांकी पांडालों में पुलिस जवानों की तैनाती करवाई गई है। टैफिक व्यवस्था सुचारू रहे, इसके लिए यातायात पुलिस भी प्रमुख स्थानों पर तैनात करवाई जा रही हैं। न केवल राजगढ बल्कि जिले के अन्य शहरों, कस्बों, ग्रामीण अंचलों की झांकियां भी श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं।

सिद्धनाथ जिला उपाध्यक्ष, करण मंडल अध्यक्ष बने



सारंगपुर। भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा में संगठनात्मक विस्तार करते हुए नवीन नियुक्तियां की गई हैं। राज्य मंत्री गौतम टेटवाल की अनुशंसा एवं भाजपा जिलाध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर की सहमति से भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष डॉ. विष्णु प्रसाद मालवीय ने संगठन में नई जिम्मेदारियां सौंपी हैं। जारी नियुक्ति के तहत सिद्धनाथ वर्मा को राजगढ़ जिला उपाध्यक्ष तथा करण गिरजे को नगर मंडल अध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया है। नियुक्तियों के बाद पार्टी कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों ने दोनों नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए संगठन को मजबूत करने की दिशा में कार्य करने की अपेक्षा व्यक्त की। इस दौरान इष्ट मित्रों सहित पार्टी कार्यकर्ताओं ने बधाई प्रेषित की।